ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 25.01.2021

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- गणतंत्र दिवस के अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा 24.01.2021 से 26.01.2021 तक विशेष सफाई अभियान चलाये जाने के दिये गये निर्देश के क्रम में आज दिनांक 25.01.2021 को नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में चलाये जा रहे विशेष सफाई अभियान का किया गया निरीक्षण।
- राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आज दिनांक 25.1.2021 खिरनीबाग में आयोजित कार्यक्रम में नगर आयुक्त महादेय श्री संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा किया गया प्रतिभाग।

1. गणतंत्र दिवस के अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा 24.01.2021 से 26.01.2021 तक विशेष सफाई अभियान चलाये जाने के दिये गये निर्देश के क्रम में आज दिनांक 25.01.2021 को नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में चलाये जा रहे विशेष सफाई अभियान का निरीक्षण किया गया । जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 25.01.2021 को नगर के जोन–1 मो0 एमनजई जलालनगर एवं खिरनीबाग जोन–2 बाडूजई प्रथम पक्का तालाब जोन–3 दुर्गा मन्दिर के पास गॉधी पार्क जोन–4 नवादा इन्देपुर व जोन–5 गढ़ी गाड़ीपुरा अम्बेडकर पार्क में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश के क्रम में नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षको को वार्डवार पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है,जिनके द्वारा सुबह से ही सफाई कर्मचारियो के साथ अपने आवंटित मोहल्लो की सफाई करायी गयी। जिसके अन्तर्गत नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा आज दिनांक 25.1.2021 जोन–4 के मो0 नवादा इन्देपुर एवं जोन–2 बाडूजई प्रथम पक्का तालाब के पास चल रहे विशेष सफाई अभियान का निरीक्षण किया गया। जिसमें नगर आयुक्त ने अपनी उपस्थिति मे रहकर साफ–सफाई का कार्य कराया इसके साथ ही क्षेत्र वासियो से अपने क्षेत्र को साफ एवं स्वच्छ बनाये रखने अपील की गई। निरीक्षक के समयः–अपर नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे,सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता,समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक एवं क्षेत्रीय सफाई नायक उपस्थित रहे। इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्मत एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु ,शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु,खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय ने निर्देशित किया कि खाली प्लाटो पड़े पर कूड़े को साफ कराया जाये एवं जल भराव स्थानो को साफ कराया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीदो की प्रतिमाओ एवं गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य मे होने वाले कार्यक्रम स्थलो पर की साफ–सफाई एवं चून का छिड़काव कराये जाने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षको को निर्देशित किया गया।

2. राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर खिरनीबाग रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में नगर आयुक्त महादेय श्री संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें नगर के विभिन्न स्कूलो के बच्चों द्वारा बढ–चढकर प्रतिभाग किया गया तथा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर जन–सामान्य को जागरुक करने के उद्देश्य से स्कूलो के बच्चों द्वारा खिरनीबाग रामलीला मैदान से शहीद पार्क तक रैली निकाली गई। जिलाधिकारी महोदय द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर खिरनीबाग रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह एवं नगर आयुक्त महादेय श्री संतोष कुमार शर्मा एवं अपर जिला अधिकारी श्री रामसेवक द्विवेदी द्वारा लोगो को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर अधिक–अधिक मतदान करने हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित नगर आयुक्त महोदय द्वारा समस्त लोगो को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनायें दी गई तथा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर सभी लोगो से मतदान के समय अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय ने 01 जनवरी 2021 से प्रारम्भ स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई एवं स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों एवं उनके उत्तरों के विषय में भी जानकारी दी गई तथा स्वच्छ सर्वेक्षण–21021 में अधिक से अधिक प्रतिभाग कर वोटिंग करने की अपील की गई। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर खिरनीबाग में आयोजित कार्यक्रम में कैनोपी लगाई गई जिसमें लगभग 150 लोगो द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में बढचढ–कर प्रतिभाग कर वोटिंग की गई।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर